दिनांकः 10.11.2023

नौएडा

# प्रेस विज्ञप्ति

विषयः एन0एम0आर0सी0 में सम्पप्ति व्यवसाय राजस्व बढ़ाने के सम्बन्ध में।

एन0एम0आर0सी0 में सम्पप्ति व्यवसाय राजस्व बढाने के विकल्प गहन अध्ययन करने हेतु प्रबन्ध निदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक आज दिनांक 10.11.2023 को एन0एम0आर0सी0 मुख्यलय में आहुत की गई। जिसमें प्रख्यात सलाहकार श्री बसन्त राव बैगलोर से, श्री मनोज वाजपेयी, मुख्य महाप्रबन्धक – तकनीकी, श्री पकज कुमार – महाप्रबन्धक, परियोजना एवं एन0एम0आर0सी0 के अन्य अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में निम्नलिखित मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

1. नौएडा प्राधिकरण द्वारा एन0एम0आर0सी0 की वाणिज्यिक आय बढ़ाने हेतु सेक्टर–94 में उपलब्ध कराई गई 3.75 हेक्टयर भुमि को पीपीपी माडल पर विकसित किया जाए।
2. सेक्टर – 142 मेट्रो स्टेशन पर खाली पड़ी भुमि जो कि वर्तमान में प्रयोग नहीं की जा रही है, का व्यावसायिक उपयोग किया जाए।
3. अल्फा–1 मेट्रो स्टेशन पर कियोस्क स्थापित करने का प्रावधान कर गैर किराया राजस्व बढ़ाया जाए।
4. अल्फा–1 मेट्रो स्टेशन पर उपलब्ध पांर्किग, स्थल का पांर्किग सहित अन्य व्यावसायिक उपयोग का किया जाए।
5. एन0एम0आर0सी0 के सभी मेट्रो स्टेशनों पर पावर बैक चार्जिग सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
6. नौएडा एवं ग्रेटर नौएडा के साथ गठित अनुबन्ध के अनुसार शेष भुमि को प्राप्त करने हेतु दोनो प्राधिकरणों के साथ समन्वय बैठक की जाए।

उपरोक्त बैठक के उपरान्त प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा सेक्टर– 142 मेट्रो स्टेशन का साईट निरीक्षण किया गया।

कॉरपोरेट संचार विभाग
एन0एम0आर0सी0